Regarding need to expedite approval of the Patmada-Bodam Mega Lift Irrigation Project in Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand- Laid

श्री बिद्युत बरन महतो **(जमशेदपुर) :** मैं अपने संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिले की एक अत्यंत महत्वपूर्ण समस्या, पटमदा-बोड़ाम मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । इस परियोजना का पीएफआर केंद्रीय जल आयोग को भेजा जा चुका है और सभी आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध करा दी गई है, फिर भी पिछले पाँच महीनों से अप्रैजल लंबित है, जिससे परियोजना के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब हो रहा है । यह परियोजना लगभग 16,800 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान करेगी । यह पूरा क्षेत्र आदिवासी बहुल है, जहाँ कृषि ही आजीविका का मुख्य आधार है । सिंचाई उपलब्धता से न केवल उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि किसानों की आय और कृषि आधारित आजीविका को स्थायी मजबूती मिलेगी । पटमदा और बोड़ाम क्षेत्र की सब्जियाँ झारखंड के अलावा ओडिशा और पश्चिम बंगाल तक भेजी जाती हैं, इसलिए बेहतर सिंचाई इन किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी होगी । साथ ही, वर्ष 2011?12 के बाद झारखंड में कोई नई केंद्रीय सिंचाई परियोजना प्रारंभ न होना भी चिंता का विषय है । अतः मैं सरकार से विनम्र आग्रह करता हूँ कि इस परियोजना के पीएफआर का अप्रैजल शीघ्र पूरा कर इसे प्राथमिकता सूची में शामिल किया जाए, ताकि मेरे क्षेत्र के लाखों किसानों को वर्षभर सिंचाई उपलब्ध हो सके ।